# अध्याय - 10 | शून्य के दसरी ओर

QUIZ PART-01

1. गिनती की शुरुआत सामान्यतः किस संख्या से की जाती है?
   A. 0
   B. 1
   C. -1
   D. 2 (B)

*व्याख्या :* वस्तुओं की गिनती सामान्यतः 1 से शुरु की जाती है। 1, 2, 3, 4, ... को गणन संख्याएँ कहा जाता है।

2. किसी थैले में एक भी गेंद न होने पर गेंदों की संख्या क्या होगी?
   A. 1
   B. -1
   C. 0
   D. 2 (C)

*व्याख्या :* शून्य किसी वस्तु के न होने या "कुछ भी नहीं" को प्रदर्शित करता है।

3. क्या शून्य से छोटी संख्याएँ संभव हैं?
   A. हाँ
   B. नहीं
   C. केवल कभी-कभी
   D. केवल गणन संख्याओं में (A)

*व्याख्या :* –1, –2, –3 आदि संख्याएँ शून्य से छोटी होती हैं। इन्हें ऋणात्मक संख्याएँ कहते हैं।

4. इमारत के भूतल को किस संख्या से दर्शाया गया है?
   A. –1
   B. +1
   C. 0
   D. -2 (C)

*व्याख्या :* भूतल को 0 मानने पर उसके ऊपर के तल धनात्मक और नीचे के तल ऋणात्मक संख्याओं से दर्शाए जाते हैं।

5. भूतल के ठीक नीचे वाले तल को किस संख्या से दर्शाया जाएगा?
   A. +1
   B. –1
   C. 0
   D. -2 (B)

*व्याख्या :* भूतल से एक तल नीचे जाने पर स्थिति –1 होती है।

6. भूतल से दो तल नीचे स्थित वीडियो गेम की दुकान को किस संख्या से दर्शाया जाएगा?
   A. +2 B. -1
   C. -2 D. +1 (C)

*व्याख्या :* भूतल से दो तल नीचे जाने के कारण वीडियो गेम की दुकान का तल –2 होगा।

7. भूतल से तीसरे तल नीचे स्थित सिनेमाघर को किस संख्या से दर्शाया जाएगा?
   A. –3 B. +3
   C. –2 D. 0 (A)

*व्याख्या :* भूतल के नीचे तीसरा तल ऋणात्मक दिशा में होता है, इसलिए उसे –3 से दर्शाया जाता है।

8. जिस संख्या के आगे '+' चिह्न लगा होता है, वह क्या कहलाती है?
   A. ऋणात्मक संख्या
   B. गणन संख्या
   C. धनात्मक संख्या
   D. शून्य (C)

*व्याख्या :* '+' चिह्न वाली संख्या धनात्मक संख्या कहलाती है, जैसे +2, +4 और +5।

9. जिस संख्या के आगे '–' चिह्न लगा होता है, वह क्या कहलाती है?
   A. धनात्मक संख्या
   B. ऋणात्मक संख्या
   C. प्राकृतिक संख्या
   D. शून्य (B)

*व्याख्या :* '–' चिह्न वाली संख्या ऋणात्मक संख्या कहलाती है, जैसे –1, –3 और –5।

10. भूतल से चार तल ऊपर जाने को किस संख्या से दर्शाया जाएगा?
    A. –4
    B. 0
    C. +3
    D. +4 (D)

*व्याख्या :* भूतल के ऊपर जाने वाली दिशा धनात्मक होती है। इसलिए चार तल ऊपर की स्थिति +4 होगी।